# 'आजादी का अमृत महोत्सव' के तहत हुआ सार्वजनिक शौचालय सफाई जनभागीदारी दिवस का आयोजन

शौचालय की देखभाल करनेवाले कर्मियों ने स्वच्छ शौचालय मोबाइल एप से उपस्थिति दर्ज कराई

## जमशेदपुर अक्षेस ने मनाया सार्वजनिक शौचालय सफाई जनभागीदारी दिवस

उत्कल मेल संवाददाता

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के तहत सार्वजनिक शौचालय सफाई जनभागीदारी दिवस मनाया गया। इसके तहत शहर के विभिन्न शौचालयों में देखभाल करने वाले कर्मी ने स्वच्छ शौचालय मोबाइल ऐप से अपनी उपस्थिति दर्ज की इस उपस्थिति की खास बात यह है कि कर्मी को अपनी सेल्फी के साथ शौचालय के विभिन्न सुविधाओं की तस्वीर मोबाइल ऐप से अपलोड करनी है। मोबाइल ऐप में अपनी उपस्थिति दर्ज करते वक्त कर्मी को कुल 6 सवालों का जवाब फोटो सहित दर्ज करना होता है। क्या शौचालय की सीटें साफ है, क्या यूरिनल साफ है




क्या शौचालय में पानी उपलब्ध है, क्या फर्श साफ है, क्या लाइट बल्ब काम कर रहे हैं, क्या फर्ज एवं दीवार साफ है इन सभी 6 प्रश्नों के उत्तर फोटो सहित देने के

होती है। बुधवार को जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र अंतर्गत सिद्धगोड़ा टाउन हॉल के समीप बारीडी मार्केट गोलमुरी मार्केट संडे मार्केट साकची मार्केट

कर्मियों द्वारा ऐप के माध्यम से उपस्थिति दर्ज की गई। उपस्थिति दर्ज करने के बाद मोबाइल ऐप में एक क्यूआर कोड प्रदर्शित होता है जिसे स्कैन कर कोई भी व्यक्ति शौचालय से संबंधित फीडबैक दे सकते हैं। जमशेदपुर अक्षेस के विशेष पदाधिकारी कृष्ण कुमार ने बताया कि इस फीडबैक के माध्यम से सही फीडबैक लेने में आसानी होगी एवं शौचालय की साफ सफाई सुनिश्चित की जा सकेगी शौचालय स्वच्छ रहेंगे तो जनता द्वारा इसे उपयोग करने में आसानी होगी। स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 में जमशेदपुर को ओडीएफ प्लस प्लस सर्टिफिकेशन प्राप्त है, इस ऐप के ...

## स्वच्छ शौचालय मोबाइल एप से दर्ज करायी उपस्थिति

- अब नहीं चलेगी ठेकेदारों की बहानेबाजी, हर दिन होगी सफाई

**वरीय संवाददाता, जमशेदपुर**




### फीडबैक से शौचालय की साफ- सफाई होगी सुनिश्चित

जेएनएसी के विशेष पदाधिकारी कृष्ण कुमार ने बताया कि इस फीडबैक के माध्यम से सही फीडबैक लेने में आसानी होगी . शौचालय की साफ– सफाई सुनिश्चित की जा सकेगी . **आम नागरिक दे सकेंगे फीडबैक .** शहरवासी सार्वजनिक शौचालय का फीडबैक अब दे सकेंगे . मोबाइल एप में एक क्यूआर कोड प्रदर्शित होता है . इसे स्कैन कर कोई भी व्यक्ति शौचालय से संबंधित फीडबैक दे सकते हैं .

जमशेदपुर अक्षेस एरिया के विभिन्न शौचालयों की देखभाल करने वाले सफाई कर्मियों ने स्वच्छ शौचालय मोबाइल एप से अपनी- अपनी उपस्थिति दर्ज करायी. उपस्थिति की खास बात यह है कि सफाई कर्मियों को अपनी सेल्फी के साथ शौचालय के विभिन्न सुविधाओं की तस्वीर मोबाइल एप से अपलोड करनी है. आजादी के अमृत महोत्सव के तहत बुधवार को जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति की ओर से शहर में सार्वजनिक शौचालय सफाई जन भागीदारी दिवस मनाया गया. **छह सवालों का जवाब, फोटो सहित दर्ज करनी होगी उपस्थिति.** जेएनएसी के सफाई कर्मचारियों को अब मोबाइल एप में अपनी उपस्थिति दर्ज करते वक्त कुल छह सवालों का जवाब फोटो सहित दर्ज करना होगा. सभी छह प्रश्नों के उत्तर फोटो सहित देने के बाद ही सफाई कर्मचारियों की उपस्थिति दर्ज होगी. **शहर के कई क्षेत्रों में चला अभियान.** बुधवार को जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र अंतर्गत सिदगोड़ा टाउन हॉल के समीप, बारीडीह मार्केट, गोलमुरी मार्केट, संडे मार्केट, साकची मार्केट और बिष्टुपुर मार्केट स्थित सार्वजनिक शौचालय के कर्मियों ने एप के माध्यम से अपनी- अपनी उपस्थिति दर्ज करायी.

**नगरीय प्रशासन निदेशालय, नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखंड सरकार**

Toll free no.: 1800-120-2929 | Website : www.dmajharkhand.in | Follow us on : @JharkhandDMA